दैनिक जागरण 9/02/2024

यूथ फेस्टिवल में छाए जीएमएन कालेज के विद्यार्थी

महोत्सव का डीएवी पीजी कालेज करनाल में किया आयोजन, प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में प्रस्तुतियां दीं

इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी जीएमएन कालेज के प्राचार्य व अन्य के साथ। • विज्ञप्ति।

जागरण संवाददाता, अंबाला : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के 44वें इंटर जोनल युवा महोत्सव का आयोजन डीएवी पीजी कालेज करनाल में किया गया, जिसमें 70 से ज्यादा महाविद्यालय के 4 जोन के प्रतिभागियों ने 42 विधाओं में अपनी प्रस्तुतियां दीं। गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्रतिभागियों ने इस में अपनी दमदार प्रस्तुति दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इन सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीत का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ महाविद्यालय के प्राध्यापको के कुशल नेतृत्व को जाता है। कालेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग संयोजक डा. राजेंद्र देशवाल ने बताया कि जीएमएन काके प्रतिभागियों ने मिमिक्री में प्रथम और फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो में प्रथम स्थान हासिल किया।

उन्होंने बताया कि क्लासिकल डांस, फोक सौंग जनरल, लाइट वोकल, इंडियन, ग्रुप डांस जनरल, फोक इंस्ट्रूमेंट सोलो, हरियाणवी आर्केस्ट्रा में द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि क्लासिकल वोकल सोलो और वेस्टर्न वोकल सोलो में तृतीय स्थान हासिल किया।

इस दौरान डा. चंद्रपाल पूनिया, डा. मनजीत कौर, डा. केके पूनिया, डा. अमित, डा. अनीश आदि मौजूद रहे।